# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार**

आज पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश जारी कर देशवासियों से विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि नेताजी की प्रेरणा से सभी को एक लक्ष्य एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है और यही नेताजी को सच्ची कार्यांजलि होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व के चलते प्रत्येक देशवासी के मन में उनके प्रति श्रद्धा और आदर का भाव है।

**वर्ष दो हजार इक्कीस में नेताजी के योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने तेईस जनवरी की तिथि को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। नेताजी हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा हैं। राष्ट्र के प्रति निष्ठा का भाव, असीम साहस, वीरता और निस्वार्थ सेवा को सम्मान देने की प्रेरणा नेताजी के व्यक्तित्व से पूरे भारत वासियों को प्राप्त होता है।**

प्रदेश के बलरामपुर और जौनपुर समेत कई अन्य जिलों में भी पराक्रम दिवस का आयोजन कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया।

**********

यूपी दिवस के रूप में प्रदेश का स्थापना दिवस कल धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम लखनऊ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित होगा। इसमें उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आंनदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा।

**********

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आज लखनऊ में वॉकाथन का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के साथ–साथ राज्य निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बढ़–चढ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि हमें एथिकल वोटिंग पर ध्यान देना है और प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने अट्ठारह वर्ष पूरा करने वाले युवाओं से अपील की कि वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

**********

प्रयागराज रेलवे डिवीजन ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक सौ पचास से अधिक विशेष मेला ट्रेनें चलाने की तैयारी की है। ये विशेष ट्रेनें प्रयागराज के सभी नौ स्टेशनों से चलाई जाएंगी। एक रिपोर्ट–

***मेला प्राधिकरण ने अनुमान लगाया है कि मौनी अमावस्या के अवसर पर लगभग 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है। इनमें से लगभग 20 प्रतिशत श्रद्धालुओं के ट्रेन से यात्रा करने की उम्मीद है। विशेष ट्रेन चलाने के अलावा, मंडल ने यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कलर–कोडेड टिकटिंग और अतिरिक्त आश्रय व्यवस्था भी की है। इन तैयारियों के साथ, प्रयागराज रेल मंडल का लक्ष्य मौनी अमावस्या पर लगभग हर 4 मिनट में एक रेलगाड़ी चलाने की योजना है। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने कहा कि, प्रयागराज रेल मंडल महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या के प्रबंधन के लिए पूरी तरह तैयार है। आकाशवाणी समाचार प्रयागराज के लिए आनंद कुमार।***

मौनी अमावस्या और महाकुंभ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा भी सत्ताईस से इकतीस जनवरी के बीच एक सौ चौरासी मेला विशेष रेलगाड़िया चलाई जाएंगी।

**********

लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद ट्रेन से कूदने के कारण मरने वाले यात्रियों की संख्या तेरह हो गयी है। कल हुई इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के नागरिक भी शामिल हैं। दुर्घटना कल तब हुई जब ट्रेन के महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचने पर आग की अफवाह फैलने से ट्रेन से कूदने वाले यात्री कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गये।

**********

गोरखपुर सहित प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आज दोपहर बाद हल्की धूप निकलने से लोगों को गलन भरी ठंड से राहत मिली है। मौसम में इस बदलाव के कारण इन जिलों के तापमान में बढोत्तरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार हल्की धूप निकलने और कोहरा पडते रहने का सिलसिला अभी दो से तीन दिन तक जारी रहेगा। अधिकतम तापमान में बढोत्तरी दर्ज की जाएगी। जबकि न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट का पूर्वानुमान है।

**********